प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,**

1- **केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आज भोपाल में होगा सहकारी सम्मेलन, एनडीडीबी और एमपीसीडीएफ के बीच होगा अहम करार।**
2- **दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य को सराहते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा-शासकों के लिए आज भी सम्राट विक्रमादित्य आदर्श।**
3- **मध्यप्रदेश को मिला 25वां अभयारण्य, सागर में डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य की अधिसूचना जारी।**
4- **इंदौर, धार, पन्ना, सतना समेत कई जिलों में बारिश-ओले गिरे, आज भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान।**

---------------------------------------------------

**अमित शाह-भोपाल**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज भोपाल की यात्रा करेंगे, यहां वे राज्य सरकार के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में दूध और डेयरी उत्पादों से जुड़े सभी प्रमुख हितधारकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर, मध्य प्रदेश सरकार राज्य के डेयरी उद्योग के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है, जिसमें एक सहयोगात्मक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। हाल ही में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस समझौते की घोषणा करते हुए कहा था कि यह कदम दूध उत्पादकों की आय बढ़ाने और क्षेत्र में दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करने में निर्णायक साबित होगा।**
**इस पहल का उद्देश्य राज्य में दुग्ध समितियों की संख्या 6,000 से बढ़ाकर 9,000 करना है, जिससे लगभग 18,000 गांवों को कवर किया जाएगा और दैनिक दूध संग्रह साढ़े 10 लाख किलोग्राम से बढ़ाकर 20 लाख किलोग्राम किया जाएगा। श्री शाह दोपहर 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे और सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में तमाम हितधारकों से फीडबैक भी लिया जाएगा। इसी दौरान, मध्य प्रदेश सरकार उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों पर एक प्रस्तुति भी देगी।**

---

## विक्रमादित्य मंचन

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासन से उस काल को और भारत को गौरवान्वित किया। हमारी सांस्कृतिक चेतना के विकास में सम्राट विक्रमादित्य का अतुल्य योगदान रहा। वे शासकों के लिए आज भी एक आदर्श हैं। श्री धनखड़ दिल्ली के

लाल किला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री धनखड़ ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में कला संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के संरक्षण और संवर्धन से भारत राष्ट्र को समृद्ध किया। श्री धनखड़ ने कहा कि दिल्ली में इस आयोजन के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री साधुवाद के पात्र हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के भव्य आयोजन जहां राज्यों की परिधि से हटकर दिल्ली में आयोजित किया जाना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' को दिखाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट वीर विक्रमादित्य के शासनकाल को भारतीय इतिहास का गौरवशाली काल बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति को सहेजने और संवारने में विक्रमादित्य का अमिट योगदान है।

आज आयोजित होने वाले महानाट्य के महामंचन में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा शामिल होंगे। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 14 अप्रल को भी होगा। इसमें 250 कलाकार सम्राट विक्रमादित्य की जीवन गाथा को जीवंत कर रहे हैं।

---

## एमपी अभ्यारण्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जब विविधता संरक्षण के लिए की गई पहल पर मध्यप्रदेश को एक और नया अभयारण्य मिल गया है। सागर जिले के 258 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में नया अभयारण्य बनाया जा रहा है। इस नये अभयारण्य को 'डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य' के नाम से जाना जायेगा। राज्य सरकार ने इस नये अभयारण्य की अधिसूचना भी जारी कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल

मीडिया 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि यह अभयारण्य न केवल वन्य जीवों को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के नाम समर्पित यह अभयारण्य संविधान निर्माता के प्रति हमारे सम्मान और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। यह निर्णय समावेशी विकास एवं हमारे संकल्प की दिशा में एक नया कदम और बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है।

---

डिजिटल कार्यशाला

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत नई दिल्ली में मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते मीडिया के बदलते दौर में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को बेहतर तरीके से तैयार करना और उनके बीच बेहतर समन्वय बनाना था। कार्यशाला में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल मीडिया के दौर में पारदर्शी, सही और समय पर दी गई जानकारी बहुत जरूरी है, ताकि लोगों का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि मीडिया नोडल अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जनता तक सही जानकारी पहुंचे और वे किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न हों। कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी शामिल हुए। मध्यप्रदेश से इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के मीडिया नोडल अधिकारी राजेश दाहिमा, सोशल मीडिया नोडल अधिकारी सुनील वर्मा और और जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूण शर्मा शामिल हुए।

---

आईपीएल

हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में कल रात इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। यह सनराइजर्स की पंजाब के खिलाफ 10 मैचों में नौवीं जीत थी। सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से अभिषेक शर्मा ने 55 गेंदों पर 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 141 रन बनाए। वे आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने केएल राहुल के 132 रन के स्कोर को पार कर नया रिकॉर्ड भी बनाया।

आईपीएल में आज , दोपहर 3:30 बजे जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला रॉयल चलेंजर्स बैंगलोर से होगा। वहीं शाम साढ़े 7 बजे दिल्ली कपिटल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा।

---

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में कई जिलों में कल भी बारिश और ओले का दौर जारी रहा। इंदौर में हल्की बूंदाबांदी हुई। ग्वालियर में तेज बारिश हुई। बड़वानी जिले के सेंधवा और खरगोन के सनावद में चने के आकार के ओले गिरे। धार के बदनावर समेत आसपास के गांवों में 15 से 20 मिनट तक तेज पानी गिरा। सिंगरौली के सरई, देवसर, चितरंगी और बढ़न में कहीं तेज तो कहीं हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। भोपाल में सुबह बादल छाए रहे। फिर धूप खिल गई। पन्ना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले मे आज तड़के आँधी तूफान ओर चमक गरज के बीच झमाझम वारिश हुई। करीब एक घंटे तक हुई इस बे मौसम वारिश से जहाँ लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली तो वहीं जिले के किसानो के माथे पर बल पड गये। पन्ना जिले मे अभी ज्यादातर किसानों के खेतों मे गेहूं क़ि फसल पकी खड़ी है जिसकी कटाई चल रही है। सतना जिले में आज सुबह तेज धूल भरी आंधी चली। गुना में तेज आंधी तूफ़ान के साथ हल्की बारिश हुई। जिससे खेत में खड़ी फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। उधर धार जिले में गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदला गया है।

---

संक्षिप्त समाचार

1- आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोपाल में चल रहे राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेले का आज समापन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में किया जाएगा।
2- इंदौर के शासकीय महाविद्यालय में "एक जिला एक औषधि उत्पाद "अश्वगंधा" परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षक का आयोजन किया गया।
3- मंडला जिले के रामनगर में 2 से 4 मई तक आदि उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आदि उत्सव मे राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू हिस्सा लेंगी।
4- श्योपुर जिले में प्रभारी सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण रिशु सुमन द्वारा जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 7 विद्यालयों एवं दो छात्रावासों का औचक निरीक्षण

किया गया।

5- मंदसौर  जिला में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 130 लोगों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया।

6- डिंडोरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान तहत जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने दो-दो तालाब निर्माण करने के निर्देश दिए हैं।

-----------------------------------------------------